रिश्ता | by Gajender Sharma

रिश्तों की ये डोरी नाज़ुक होती है
फूलों की पंखुड़ियों जैसे होती है
फूलों से श्याम ....
फूलों से श्याम इस बगिया को अब तुमको सजाना है
मेरे श्याम अब तुमको सजाना है
तेरा मेरा श्याम रिश्ता है कैसा दुनिया को बताना है
मेरे श्याम दुनिया को बताना है

तेरा मेरा साथ कभी ये छूटे न
प्रेम की डोरी बाबा कभी ये टूटे ना
चरणों में श्याम ....
चरणों में श्याम तेरे ये जीवन अब मुझको बिताना है
मेरे श्याम अब मुझको बिताना है
तेरा मेरा श्याम रिश्ता है कैसा दुनिया को बताना है
मेरे श्याम दुनिया को बताना है

आँखों के आंसू में तुम ही बहते हो
दिल में मेरे श्याम तुम्ही तो रहते हो
जब तक है जान...........
जब तक है जान भजनो को तेरे मुझको गुनगुनाना है
मेरे श्याम मुझको गुनगुनाना है
तेरा मेरा श्याम रिश्ता है कैसा दुनिया को बताना है
मेरे श्याम दुनिया को बताना है

श्याम तेरे चरणों में योगी रहता है
शर्मा दिल से तेरी महिमा कहता है
तेरे दिल का श्याम ....
तेरे दिल का श्याम मेरे दिल से ये रिश्ता पुराना है
मेरे श्याम ये रिश्ता पुराना है
तेरा मेरा श्याम रिश्ता है कैसा दुनिया को बताना है
मेरे श्याम दुनिया को बताना है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%a4%e0%a4%be-by-gajender-sharma/